# आकाशवाणी शिमला
## 18.10.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800 बजे

### मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने मंडी ज़िला के जोगिन्द्रनगर विधानसभा क्षेत्र के प्रवास के दूसरे दिन आज ऊहल परियोजना के तृतीय चरण का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस परियोजना को पूरा करने के लिए धन की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने मौके पर ही इस परियोजना की सॉवरन गारंटी के रूप में 85 करोड़ रूपये की अतिरिक्त राशि स्वीकृत करने के निर्देश दिए। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि इससे पहले भी इस वर्ष मार्च में सौ करोड़ रूपये परियोजना को प्रदान किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी प्रकार की तकनीकी व अन्य जांच करने के बाद इस वर्ष दिसंबर या अगले साल जनवरी तक ऊहल परियोजना चरण–3 से विद्युत उत्पादन शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे हिमाचल प्रदेश को अतिरिक्त आय मिलनी शुरू हो जाएगी। उन्होंने परियोजना प्रबंधकों को इस परियोजना का कार्य समयबद्ध पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्युत उत्पादन से ही हिमाचल प्रदेश समृद्ध बन सकता है और सरकार इसके दोहन के लिए ठोस कदम उठा रही है। इस बीच उन्होंने जोगिन्द्रनगर स्थित एक सौ 10 मैगावॉट क्षमता के शानन पावर हाऊस का दौरा भी किया।

### जगत सिंह नेगी

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि पौंग बांध विस्थापितों के लंबित मामलों के निपटारे के लिए सरकार तत्परता से कार्य कर रही है। आज धर्मशाला में पौंग बांध विस्थापित राहत व पुनर्वास समिति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि जिन पौंग विस्थापितों को अभी तक राजस्थान में ज़मीन उपलब्ध नहीं करवाई गई है, उनके मामलों को जल संसाधन मंत्रालय के सचिव की अध्यक्षता में गठित हाई पावर कमेटी के समक्ष रखा गया है। जगत सिंह नेगी ने कहा कि दूसरे चरण में भूमि से वंचित विस्थापितों को राजस्थान में नियमों के तहत ज़मीन उपलब्ध करवाने की प्रक्रिया आरंभ की जाएगी। राजस्व मंत्री ने कहा कि कानूनी लड़ाई लड़ने के लिए भी विस्थापितों की सरकार हर संभव मदद करेगी। उन्होंने लंबित मामलों का समयबद्ध निपटारा करने के लिए हर महीने राजस्व अधिकारियों के साथ बैठकें आयोजित करने के भी निर्देश दिए।

### धर्माणी

नगर व ग्राम नियोजन और तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने और आदर्श समाज के निर्माण में शिक्षक की भूमिका को सर्वोपरि बताया है। हमीरपुर के समीप गजोह में आयोजित प्रधानाचार्यों व शिक्षकों के सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए आज उन्होंने शिक्षकों से अपील की कि वे पाठ्यक्रम पूरा करने तक सीमित न रहें। राजेश धर्माणी ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा पर लगभग 20 प्रतिशत बजट खर्च कर रही है और सरकारी शिक्षण संस्थानों में उच्च प्रशिक्षित शिक्षकों की नियुक्तियां की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के इस ज्ञान के भरपूर उपयोग और इससे विद्यार्थियों की ज़िंदगी में सकारात्मक बदलाव में कहीं न कहीं कमी नज़र आ रही है, जिस पर विचार करने की ज़रूरत है। धर्माणी ने कहा कि विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए न केवल विद्यार्थियों के बेहतर शिक्षण, प्रशिक्षण पर बल देना होगा, बल्कि उनमें मानवीय मूल्य विकसित करने पर भी विशेष ध्यान देना होगा।

**भाजपा बैठक**

भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर आज शिमला में एक बैठक हुई, जिसमें राष्ट्रीय महामंत्री व सदस्यता अभियान के राष्ट्रीय प्रभारी विनोद तावड़े विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में सदस्यता अभियान तेज़ गति से चल रहा है और कांगड़ा संसदीय क्षेत्र 3 लाख 29 हज़ार सदस्यों के साथ पहले स्थान पर चल रहा है, जबकि मंडी 2 लाख 94 हज़ार सदस्यों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। विनोद तावड़े ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर इस अभियान में अच्छा कार्य करने वाले राज्यों की श्रेणी में मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और असम के साथ हिमाचल प्रदेश का नाम भी जुड़ गया है। उन्होंने कहा कि ये अभियान अभी 30 अक्तूबर तक चलेगा, जिसमें सक्रिय और प्राथमिक दोनों सदस्य बनाए जाएंगे। विनोद तावड़े ने कहा कि 2 सितंबर से राष्ट्रीय स्तर पर शुरू हुए इस अभियान में देश में अभी तक भाजपा के 9 करोड़ 40 लाख से अधिक सदस्य बन चुके हैं।

**मांग**

किन्नौर ज़िला में सीमा सड़क संगठन के अधीन दीपक प्रोजैक्ट वर्कर्ज़ यूनियन के कामगार सर्दी शुरू होने से पहले गर्म कपड़े, मिट्टी तेल, पक्का मकान, शौचालय की सुविधा सहित अन्य मांगों को लेकर लामबंद हो गए हैं। ये कामगार पवारी, स्पीलो और आकपा सहित अन्य क्षेत्रों में पिछले 5 दिनों से सुबह काम पर जाने से पहले अपने–अपने कार्यक्षेत्र के बाहर संबंधित अधिकारी के समक्ष अपनी मांगें रख रहे हैं। उनका कहना है कि ज़िले के सीमांत क्षेत्रों में मज़दूर सर्दियों के मौसम में टीन के शैड में रहने को मज़बूर हैं।

..........................................................................................................